डब्लूजेएआई राष्ट्रीय कार्यकारिणी की ऑनलाइन बैठक संपन्न, पूरे देश में संगठन विस्तार का मास्टर प्लान तैयार

पूर्वी चंपारण जिला भी रेड जोन की ओर अग्रसर होने से आज से पुराने रोटेशन यानि 27 अप्रैल को जारी रोस्टर के अनुसार ही व्यवसायिक प्रतिष्ठानें खुलेगी : जिलाधिकारी

गुजरात के अहमदाबाद से मेहसी पहुंचे 36 मजदूरों को तिरहूत उच्च विद्यालय मेहसी में क्वारनटाइन किया गया

देश में कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों की संख्या 49523 हजार के पार, 1697 लोगों की मौत, 14306 लोग ठीक होकर वापस लौटे

युवराज न्यूज़ टुडे

RNI:- BIHHIN05409

NEWS TODAY Update

www.newstodayupdate.in

आपकी आवाज़

राष्ट्रीय हिन्दी पाक्षिक

वर्ष : 06 अंक : 08+06 तिथि : 06 मई 2020 मूल्य : निःशुल्क प्रधान संपादक : डा. राजेश अस्थाना – 9471005272, 8210595830

email: newstodaymth@gmail.com website : newstodayupdate.in

न्यूज़ टुडे लॉक डाउन स्पेशल रोजाना अंक

डब्लूजेएआई राष्ट्रीय कार्यकारिणी की ऑनलाइन बैठक संपन्न, पूरे देश में संगठन विस्तार का मास्टर प्लान तैयार

डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,

देश में वेब पत्रकारों की एकमात्र निबंधित संस्था वेब जर्नलिस्ट्स एसोसिएसन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की ऑनलाइन बैठक की गई। बैठक में संगठन विस्तार एवं मजबूती, राष्ट्रीय कार्यकारिणी की रिक्त पदों पर सदस्यों का मनोनयन, देश के अन्य राज्यों में संगठन विस्तार, संगठन के सदस्यों के आईकार्ड, कोरोना महामारी में नागरिक कर्तव्य के मद्देनजर जागरूकता को लेकर ऑनलाइन कार्यक्रम एवं अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई।

बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारिणी में रिक्त सचिव पद पर तुतीकोरिन के वरिष्ठ पत्रकार त्रिगुणनम स्वामीनाथन को मनोनित किया गया तो झारखंड से वरिष्ठ पत्रकार जीतेन्द्र कुमार सिंह और दिल्ली से वरिष्ठ पत्रकार पंकज मिश्रा को राष्ट्रीय संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी दी गयी। तुतीकोरिन में दक्षिण भारत का क्षेत्रीय कार्यालय खुलेगा जहाँ से पूरे दक्षिण भारत में संगठन विस्तार किया जाएगा।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डब्लूजेएआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद कौशल ने कहा कि संगठन विस्तार एवं मजबूती के लिए संगठन के सभी सदस्य कम से कम दस सदस्यों को संगठन से अवश्य जोड़ें, इससे संगठन मजबूत होगी और वेब जर्नलिस्ट्स के हक की मांग हम और भी मजबूती से उठाने में सक्षम होंगे। उन्होंने कहा कि सभी सदस्य एक बिहार में अलगे एक महीने में दो सौ नये सदस्य बनाने का लक्ष्य रखें और हासिल करने में सभी अपना योगदान दें।

उन्होंने कहा कि हमारी बात सरकार से विज्ञापन को लेकर भी चल रही है और अन्य हक के लिए अभी हमें दिल्ली तक लड़ाई लड़नी है जिसके लिए हमें मजबूत होना होगा। आने वाले समय में हम संगठन में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर लोगों को जोड़ने की कवायद भी शुरू करेंगे।संचालन करते हुए डब्लूजेएआई के राष्ट्रीय महासचिव अमित रंजन ने कहा कि हमारा संगठन पत्रकारों का संगठन है। हम पत्रकारिता के 4 जी संस्करण के व्यक्ति हैं। हम देश दुनिया को पल पल की खबर दे रहे हैं। देश में वेब जर्नलिस्ट के हक के लिए प्रथम और एकमात्र संस्था है डब्लूजेएआई जो कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत चल रही है। हमारा मुख्य ध्येय है वेब पत्रकारों के हक की आवाज बनना।

इसके लिए हमें संगठित हो कर सरकार से हक की मांग करनी है और नहीं मिलने पर दिल्ली तक लड़ाई लड़कर वेब पत्रकारों को हक दिलवाना है।

बैठक के दौरान तमिलनाडु के तूतीकोरिन के वरिष्ठ पत्रकार त्रिगुणं स्वामीनाथन को राष्ट्रीय सचिव के पद पर मनोनीत किया गया एवं उन्हें दक्षिण भारत में संगठन विस्तार का प्रभार दिया गया। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य जितेन्द्र सिंह को प्रोन्नत करते हुए संयुक्त सचिव के पद पर मनोनीत किया गया एवं उन्हें झारखंड में संगठन की मजबूती का जिम्मा सौंपा गया। दिल्ली के वरिष्ठ पत्रकार एवं मीडिया स्ट्रैटिजिस्ट पंकज मिश्रा को संयुक्त सचिव के पद पर मनोनीत किया गया। साथ ही संगठन के कोर ग्रुप को अधिकृत किया गया कि पूर्वोत्तर एवं हरियाणा पंजाब से जल्द ही राष्ट्रीय पदाधिकारी के मनोनयन की प्रक्रिया पूर्ण करें।

◆ तुतीकोरिन (तमिलनाडु) के वरिष्ठ पत्रकार बने राष्ट्रीय सचिव ◆ झारखंड के वरिष्ठ पत्रकार जीतेन्द्र कुमार सिंह और दिल्ली के वरिष्ठ पत्रकार पंकज मिश्रा को राष्ट्रीय संयुक्त सचिव की कमान ◆ कोरोना वैश्विक महामारी के लॉकडाऊन में डब्ल्यूजेएआई के फेसबुक पेज से जागरुकता और विशुद्ध मनोरंजक कार्यक्रमों का होगा लाईव प्रसारण ◆ पदाधिकारियों और सदस्यों को मिला टास्क 'एक जोड़ें दस' ◆ तकनीकी विशेषज्ञ सदस्यों पोर्टल संचालकों को देंगे तकनीकी सलाह ◆ पूर्वोत्तर राज्यों, पंजाब हरियाणा को संगठन में दी जाएगी बड़ी जिम्मेदारी ◆ वेब पत्रकारों के हक हकूक, मान सम्मान की लड़ाई लॉकडाऊन समाप्ति के बाद तुरत ◆ विज्ञापन नीति में वेब पत्रकारों को शामिल कराने की कवायद शुरू

बैठक के दौरान बाल कृष्ण, चंदन कुमार, डॉ. लीना, विवेक कुमार यादव, ओम प्रकाश अश्क, हर्षवर्धन द्विवेदी, आशीष शर्मा, अमिताभ ओझा, माधो सिंह, निखिल केडी वर्मा, सुरभित दत्त, संजय कुमार पांडेय, गौतम गिरियग, नलिनी भारद्वाज, डॉ. राजेश अस्थाना, रंजन श्रीवास्तव, मधूप मणि पिकू, मंजेश कुमार, जितेन्द्र कुमार सिंह, रामबालक राय और धीरज झा ने अपने विचार रखे। राष्ट्रीय सचिव निखिल केडी वर्मा ने नवमनोनित पदाधिकारी गण का स्वागत करते हुए बधाई दी।

गुजरात के अहमदाबाद से मेहसी पहुंचे 36 मजदूरों को तिरहूत उच्च विद्यालय मेहसी में क्वारनटाइन किया

सम्राट, संवाददाता

गुजरात के अहमदाबाद से मेहसी पहुंचे 36 मजदूरों को मंगलवार को तिरहूत उच्च विद्यालय मेहसी में क्वारनटाइन किया गया। सभी मजदूर मेहसी के राजेपुर थाना क्षेत्र निवासी है। इन्हें प्रति व्यक्ती अंगवस्त्र समेत दैनिक उपयोग की सामग्री उपलब्ध कराई गई।

प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शिवभूषण के नेतृत्व में मोतिहारी से पहुंची टीम ने इनका सेंपल संकलित किया व जांच के लिए भेजा। मेहसी में क्वारनटाइन किए गए लोगों का आकड़ा अब 73 पर पहुंच गया है। इससे पूर्व 24 लोगों को निगेटिव पाए जाने के बाद होम क्वारंटाइन कर दिया गया है।

मजदूरों ने बताया कि उन्हें साबरमती स्टेशन पर ट्रेन पर चढ़ने से पहले स्क्रिनिग किया गया था। मुजफ्फरपुर में शारीरिक दूरी का पालन करते हुए प्रशासन द्वारा सब की स्क्रिनिग कराई गई। मजदूरों ने बताया कि जब तक वे लोग संतुष्ट नही हो जाते की वे कोरोना संक्रमित नहीं है, तबतक वे घर नहीं जाएंगे।

प्रखंड विकास पदाधिकारी गौरी कुमारी व अंचलाधिकारी रविशंकर ने संयुक्त रूप से बताया कि कोरोना संदिग्धों के मदद में किसी प्रकार की अवहेलना बर्दास्त नही की जाएगी। उन्हें किसी प्रकार की तकलीफ नही हो ऐसी व्यवस्था की जा रही है। बाजार बंद होने के कारण समान की उपलब्धता में कुछ समस्याएं आ रही है, जिसका निदान किया जा रहा है। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार के नेतृत्व में तीन पाली में दंडाधिकारी निशांत कुमार, विकास कुमार व मनीष कुमार सहित पुलिस के जवान व पदाधिकारी अपनी सेवा दे रहे है।।

गुजरात के अहमदाबाद से मेहसी पहुंचे 36 मजदूरों को मंगलवार को तिरहूत उच्च विद्यालय मेहसी में क्वारनटाइन किया गया। सभी मजदूर मेहसी के राजेपुर थाना क्षेत्र निवासी है। इन्हें प्रति व्यक्ती अंगवस्त्र समेत दैनिक उपयोग की सामग्री उपलब्ध कराई गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शिवभूषण के नेतृत्व में मोतिहारी से पहुंची टीम ने इनका सेंपल संकलित किया व जांच के लिए भेजा। मेहसी में क्वारनटाइन किए गए लोगों का आकड़ा अब 73 पर पहुंच गया है।

इससे पूर्व 24 लोगों को निगेटिव पाए जाने के बाद होम क्वा. रंटाइन कर दिया गया है। मजदूरों ने बताया कि उन्हें साबरमती स्टेशन पर ट्रेन पर चढ़ने से पहले स्क्रिनिग किया गया था। मुजफ्फरपुर में शारीरिक दूरी का पालन करते हुए प्रशासन द्वारा सब की स्क्रिनिग कराई गई। मजदूरों ने बताया कि जब तक वे लोग संतुष्ट नही हो जाते की वे कोरोना संक्रमित नहीं है, तबतक वे घर नहीं जाएंगे। प्रखंड विकास पदाधिकारी गौरी कुमारी व अंचलाधिकारी रविशंकर ने संयुक्त रूप से बताया कि कोरोना संदिग्धों के मदद में किसी प्रकार की अवहेलना बर्दास्त नही की जाएगी। उन्हें किसी प्रकार की तकलीफ नही हो ऐसी व्यवस्था की जा रही है। बाजार बंद होने के कारण समान की उपलब्धता में कुछ समस्याएं आ रही है, जिसका निदान किया जा रहा है। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार के नेतृत्व में तीन पाली में दंडाधिकारी निशांत कुमार, विकास कुमार व मनीष कुमार सहित पुलिस के जवान व पदाधिकारी अपनी सेवा दे रहे है।

देश में कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों की संख्या 49523 हजार के पार, 1697 लोगों की मौत, 14306 लोग ठीक होकर वापस लौटे

ई. युवराज,
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,

लॉकडाउन के 43वें दिन भारत में कोरोनावायरस मरने वालों की संख्या 1694 हो गया है. बीते 24 घंटे में 126 लोगों की मौत हो चुकी है. वहीं मरीजों की संख्या 24 घंटे में 3058 पॉजिटिव केस के साथ 49523 हो चुकी है. लॉकडाउन में राहत देने के साथ ही केंद्र सरकार ने पेट्रोल की कीमत में 10 रुपये जबकि डीजल की कीमत 13 रुपये प्रति लीटर बढ़ा दिया है. दुनिया की बात करें तो इस वायरस से अब तक दुनिया में 2.5 लाख से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और 30 लाख से अधिक लोग संक्रमित हैं.

1694 की मौत, मरीजों की संख्या 50000 के करीब

कोरोनावायरस का कहर मई छठवें दिन भी जारी है. स्वास्थ्य मंत्रालय की ताजा रिपोर्ट के अनुसार इस वायरस से अब तक 1694 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 49523 लोग अब तक संक्रमित हो चुके हैं.

छपते - छपते

1200 छात्रों को लेकर कोटा से स्पेशल ट्रेन कल गुरुवार सुबह पांच बजे पहुंचेगी बापूधाम मोतिहारी, डीएम ने लिया जायजा

राजस्थान के कोटा में फंसे 1200 छात्रों को लेकर कोटा से स्पेशल ट्रेन गुरुवार सुबह पांच बजे बापूधाम मोतिहारी पहुंचेगी। सभी छात्रों को 24 मेडिकल टीम स्क्रीनिंग करेगी। एक टीम में एक डॉक्टर व एक पारा मेडिकल कर्मी की ड्यूटी लगाई गई है। सभी छात्रों को स्टेशन पर ही नाश्ता दिया जाएगा। छात्र जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध फॉर्म पर अपनी जानकारी देंगे।

जिलाधिकारी कपिल अशोक शीर्षत ने कल ट्रेन से मोतिहारी बापूधाम रेलवे स्टेशन पर पहुँचने वाले छात्र छात्राओं के लिए किए गए इंतजाम का स्टेशन पहुंच खुद जायजा लिया।

विधान परिषद के 17 सदस्यों का कार्यकाल आज समाप्त, लॉकडाउन के चलते अधिसूचना जारी नही हुई, सभापति नहीं रह पाएंगे रशीद

आशीष राज,
स्थानीय संपादक,

विधान परिषद के 17 सदस्यों का कार्यकाल बुधवार को समाप्त हो रहा है। परिषद के कार्यकारी सभापति हारूण रशीद, सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री नीरज कुमार, भवन निर्माण मंत्री डा. अशोक चौधरी और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डा. मदन मोहन झा इनमें प्रमुख हैं। इनमें से आठ सीटें शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की हैं। बाकी नौ सदस्य विधायकों के वोट से छह साल पहले चुने गए थे। लॉकडाउन की पाबंदियों के चलते निर्वाचन आयोग ने तीन अप्रैल को ही इन सीटों के लिए मतदान कराने से इंकार कर दिया है। 23 मई को राज्यपाल के जरिए मनोनीत 12 सीटें भी खाली हो रही हैं। इस तरह 75 सदस्यीय विधान परिषद की 29 सीटें इस महीने रिक्त हो जाएंगी।

सभापति नहीं रह पाएंगे रशीद

मई 2017 से कार्यकारी सभापति रहे हारूण रसीद सदस्यता समाप्त होने के चलते पद पर नहीं रह पाएंगे। बुधवार को कार्यकारी सभापति या उप सभापति के पद पर किसी का मनोनयन नहीं किया गया तो दोनों पद खाली हो जाएंगे। परिषद के इतिहास में यह तीसरा अवसर होगा जब दोनों पद खाली रहेंगे। इससे पहले सात मई 1980 से 13 जून 1980 एवं 13 जनवरी 1985 से 17 जनवरी 1985 तक दोनों पद खाली रहे थे। संविधान के अनुच्छेद 184 के प्रावधान के अनुसार ऐसी हालत में दोनों पदों की शक्तियां राज्यपाल में निहित हो जाती हैं।

मंत्री बने रहेंगे नीरज और अशोक

किसी सदन के सदस्य न रहने के बाद भी नीरज कुमार और डा. अशोक चौधरी मंत्रिमंडल के सदस्य बने रहेंगे। संविधान के अनुच्छेद 164 के अनुसार ये अगले छह महीने तक पद पर बने रह सकते हैं। इस अवधि में विधानसभा या विधान परिषद के सदस्य नहीं बने तो मंत्री पद का त्याग करना होगा। निर्वाचन आयोग ने संकेत दिया है कि अगली बैठक में वह तमाम स्थगित चुनावों के बारे में विचार करेगा। विशेष परिस्थिति में महाराष्ट्र विधान परिषद की नौ सीटों पर मतदान की इजाजत दी गई है।

इनका कार्यकाल हो रहा है समाप्त

शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र–नीरज कुमार–स्नातक पटना, देवेश चंद्र ठाकुर–स्नातक तिरहुत, दिलीप कुमार चौधरी–स्नातक दरभंगा, एनके यादव–स्नातक कोसी, नवल किशोर यादव– शिक्षक पटना, संजय कुमार सिंह– शिक्षक–तिरहुत, केदारनाथ पांडेय– शिक्षक सारण एवं मदन मोहन झा– शिक्षक दरभंगा निर्वाचन क्षेत्र।

विधायकों के वोट से चुने गए सदस्य

अशोक चौधरी, हारूण रशीद, पीके शाही, सतीश कुमार, सोनेलाल मेहता एवं हीरा प्रसाद बिंद (जदयू),कृष्ण कुमार सिंह, संजय मयूख एवं राधामोहन शर्मा(भाजपा)।

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी ने जब सीएम नीतीश से कहा कि कभी बाहर भी निकलिए, तब ना वास्तविक हालात का पता चलेगा, सीएम नीतीश ने भी दिखाए तेवर आपको साथ लेकर बिहार दौरे पर निकलेंगे

संतोष राऊत न्यूज टुडे,

बिहार के मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष की मंगलवार को आयोजित सर्वदलीय बैठक में प्यार भरी तकरार भी देखने को मिली। कोरोना पर आयोजित सर्वदलीय समीक्षा बैठक में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी ने जब सीएम नीतीश से कहा कि कभी बाहर भी निकलिए, तब ना वास्तविक हालात का पता चलेगा? सीएम नीतीश ने भी अपने तेवर दिखाए और हंसते हुए तेजस्वी को जवाब दिया–लॉकडाउन खत्म होने दीजिए, आपको साथ लेकर बिहार दौरे पर निकलेंगे, आपको बिहार दिखाएंगे। इस तकरार पर सवाल ये कि क्या सीएम नीतीश कुमार इस बार बिहार दौरे पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को साथ लेकर निकलेंगे?

सीएम ने सबसे एक–एक करके जानना चाहा कि राज्य सरकार और बेहतर तरीके से कैसे सबके साथ मिलकर कोरोना के खिलाफ जंग लड़ सकती है। लेकिन, इस बैठक में भी राजनीति शुरू हो गई। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि आप बाहर निकलकर देखिए, क्या हालात है? तुरंत सीएम ने भी कहा, इसबार आपको भी साथ लेकर चलेंगे ताकि आप भी देख सकें कि पहले के बिहार और अब के बिहार में कितना अंतर आ गया है। सीमए ने कहा कि आप तैयार रहिएगा, लॉकडाउन के बाद पूरे बिहार दौरे का प्लान बना रहे हैं, आप भी साथ रहिएगा ताकि आपको भी सच्चाई पता चल जाए।

सीएम नीतीश से सबसे किया आग्रह–लोगों को जागरूक करें

बैठक में सीएम नीतीश से सबसे आग्रह किया कि जनप्रतिनिधि, लोगों को लॉकडाउन का पूरा पालन करने और अफवाहों पर ध्यान नहीं देने के लिए प्रेरित करें। कोरोना से निपटने के लिए सबको मिलकर प्रयास करना होगा। हमने संयम के साथ लॉकडाउन का पालन किया है, इससे देश के अन्य हिस्सों की तुलना में बिहार में संक्रमण का असर कम है। लेकिन, खतरा बना हुआ है। संयम बरतें।

बापूधाम मोतिहारी रेल थाना की पुलिस ने डीएसपी के नेतृत्व में स्टेशन परिसर में जरूरतमंदों को भोजन कराया

रिंकू गिरी,
संवाददाता

कोरोना वायरस के फैल रहे संक्रमण के कारण देश में हुए लॉकडाउन के बाद गरीबों व असहायों के बीच भोजन का संकट दिन व दिन बढ़ता जा रहा है। ऐसे में कई सामाजिक संगठनों के साथ–साथ रेल पुलिस भी जरूरतमंद व मजदूरों को भोजन कराने के साथ उनके बीच खाद्यान्न उपलब्ध कराय गया।

इसी क्रम में बापूधाम मोतिहारी रेल थाना की पुलिस ने मंगलवार को डीएसपी जीतेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में स्टेशन परिसर में जरुरतमंदों को भोजन कराया गया। इस पुनित कार्य में थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह, एएसआई अमरेंद्र कुमार, सिपाही गिरजानंदन यादव, मुरारी सिंह, महिला सिपाही काजोल, रंजना कुमारी, भारती कुमारी सहयोग कर रही थी।

डीएसपी श्री सिंह ने बताया कि लॉकडाउन के कारण कई दिहाड़ी मजदूर अब बेकार हो गए है। काम नहीं मिलने के कारण कई लोगो के समक्ष भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो गई है। वैसे बेसहारा व मजबूर लोगों के बीच भोजन कराया जा रहा है।

रजि0 कार्यालय : अष्ठाना निवास, मठिया निरात, मोतिहारी-845401

समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें- 9471005272

पूर्वी चंपारण जिला भी रेड जोन की ओर अग्रसर होने से आज से पुराने रोटेशन यानि २७ अप्रैल को जारी रोस्टर के अनुसार ही व्यवसायिक प्रतिष्ठानें खुलेगी : जिलाधिकारी

अफजल आलम
न्यूज टुडे,

पूर्वी चंपारण जिला भी रेड जोन की ओर अग्रसर होने से बुधवार से पुराने रोटेशन यानि 27 अप्रैल को जारी रोस्टर के अनुसार ही व्यवसायिक प्रतिष्ठानें खुलेगी। जिलाधिकारी कपिल अशोक शीर्षत ने इसे कड़ाई से अनुपालन के निर्देश दिए हैं।

गौरतलब हो कि मंगलवार से प्रभावी होने वाले आदेश को जिलाधिकारी कपिल अशोक शीर्षत ने अपने आदेश संख्या 1003 दिनांक 5 मई 2020 से तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है।

अपने नए आदेश में जिलाधिकारी श्री शीर्षत ने कहा है कि कोरोना वायरस के बढ़ते खतरे को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है क्योंकि 3 मई को जिले में मिले कोरोना पॉजिटिव मरीजो के कारण पूर्वी चंपारण जिला भी रेड जोन की ओर अग्रसर हो रहा है।

जिलाधिकारी श्री शीर्षत कहा है जब तक जिले में सभी कोरोना रिपोर्ट निगेटिव नही हो जाता तबतक दुकानें खुलने का पूर्व में जारी पत्र पत्रांक 157 दिनांक 27 अप्रैल को निर्गत रोस्टर के अनुसार ही जिले में दुकानें खुलेगी।

NEWS TODAY Update newstodayupdate.in Web News Portal: www.newstodayupdate.in | न्यूज टुडे राष्ट्रीय हिन्दी मासिक पत्रिका | Yuvaraj Media & Entertainment An Ideal Film Production

बस एक क्लिक कीजिए

देश दुनिया की खबर के साथ अपनी खबर भी देखिए

www.newstodayupdate.in

A Fast Growing Web News Portal

Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830

Yuvaraj Media & Entertainment

बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:

Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830